# भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी में नई उड़ान

- जयशंकर-हेगसेथ की बैठक से सहयोग को मिली गति
- 10 साल की साझेदारी पर सहमति संभव



**वाशिंगटन, 2 जुलाई. भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से मुलाकात कर द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाने और विभिन्न क्षेत्रों में सामंजस्य को बेहतर बनाने और क्षमता निर्माण जैसे विषयों पर चर्चा की.**

विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में, कहा आज वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी विदेश मंत्री पीट हेगसेथ से मिलकर बहुत अच्छा लगा. भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाने, हितों, क्षमताओं और जिम्मेदारियों के बढ़ते सामंजस्य को बेहतर बनाने पर एक उपयोगी बातचीत हुई.

अमेरिकी रक्षा विभाग के एक बयान में कहा गया है कि दोनों मंत्रिंयों ने पेंटागन में मुलाकात की. दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग, हथियारों की बिक्री और नई रक्षा साझेदारी संबंधी रूपरेखा पर भविष्य में हस्ताक्षर करने पर चर्चा की.

हेगसेथ ने कहा, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रशासन की शुरुआत में ही हमारे रिश्ते के लिए एक मजबूत नींव रखी, जिसे हम आज यहां उत्पादक, व्यावहारिक और यथार्थवादी बना रहे हैं. दोनों राष्ट्र एक मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत के लिए साझा प्रतिबद्धता द्वारा संचालित सहयोग के समृद्ध और बढ़ते इतिहास की बात करते हैं. अमेरिका और भारत दोनों इस क्षेत्र में सुरक्षा चिंताओं के बारे में परस्पर जागरूक हैं और दोनों देशों में उस खतरे का एक साथ मुकाबला करने की क्षमता है. उन्होंने भारत को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में खतरों का मुकाबला करने के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान करने के अमेरिकी प्रयासों पर भी चर्चा की. हेगसेथ ने कहा, भारत की सूची में कई अमेरिकी रक्षा वस्तुओं के सफल एकीकरण से अमेरिका को काफी प्रसन्नता है और इस मामले में प्रगति करते हुए, हमें उम्मीद है कि हम भारत के साथ कई प्रमुख लंबित अमेरिकी रक्षा सौदों को पूरा कर सकते हैं.

> हम साझा रक्षा औद्योगिक सहयोग और सह-उत्पादन प्रयासों का विस्तार करते हुए अपने रक्षा बलों के बीच अंतर-संचालन को मजबूत कर सकते हैं. दोनों देश अमेरिका-भारत के बीच नए 10-वर्षीय प्रमुख रक्षा साझेदारी ढांचे पर औपचारिक रूप से हस्ताक्षर कर सकते हैं. हमें इसके शीघ्र होने की आशा है. फरवरी में ट्रंप और मोदी के बीच एक बैठक के दौरान, दोनों नेताओं ने जेवलिन एंटीटैंक गाइडेड मिसाइलों और स्ट्राइकर बख्तरबंद वाहनों के लिए नई खरीद और एक साथ मिलकर उत्पादन व्यवस्था को आगे बढ़ाने की योजना की घोषणा की थी.

### पी-8 आई समुद्री विमानों की खरीद पर हुई बात

इस दौरान छह अतिरिक्त पी-8आई समुद्री गश्ती विमानों की खरीद पर भी चर्चा हुई. भारत पहले ही सी-130जे सुपर हरक्यूलिस, सी-17 ग्लोबमास्टर आईआईआई और पी-8आई पोसीडॉन विमान के साथ-साथ सीएच-47एफ चिनूक, एमएच-60आर सी हॉक और एएच-64ई अपाचे जैसे हथियारों को अपनी सेना में शामिल कर चुका है. भारत हार्पून एंटीशिप मिसाइलों, एम777 हॉवित्जर और एमक्यू-9बी स्काई गार्डियन का भी इस्तेमाल करता है .हेगसेथ ने कहा, हम अपने साझा लक्ष्यों को साकार करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं. जयशंकर ने कहा अमेरिका के साथ भारत के संबंध पहले से ही मजबूत हैं लेकिन इस दिशा में बहुत कुछ किया जा सकता है. हम मानते हैं कि हमारी रक्षा साझेदारी आज वास्तव में इन रिश्तों के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक है. यह केवल साझा हितों पर आधारित नहीं है,बल्कि हम मानते हैं कि यह वास्तव में क्षमताओं और जिम्मेदारियों के साझाकरण को बढ़ा रहा है. हम जो कुछ भी भारत प्रशांत क्षेत्र में करते हैं उसे लेकर हमारा मानना है कि वह इसकी रणनीतिक स्थिरता के लिए बिल्कुल महत्वपूर्ण है.



# अमरनाथ यात्रा को दी हरी झंडी

**भगवती नगर से पहले जत्थे की यात्रा हुई प्रारंभ**

**4500 श्रद्धालु हुए यात्रा में शामिल**

**जम्मू 2 जुलाई. जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को भगवती नगर आधार शिविर श्री अमरनाथ पवित्र गुफा की तीर्थयात्रा के लिए श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाई और सुरक्षित और आनंदमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं.**

उपराज्यपाल ने कहा, यह पवित्र तीर्थयात्रा आस्था और आत्म-खोज की यात्रा है.भगवान शिव के पवित्र निवास और गहरी आत्मा को झकझोर देने वाले अनुभव की सुरक्षित और आरामदायक यात्रा की शुभकामनाएं. उन्होंने मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रशासन, जम्मू-कश्मीर के लोग अमरनाथ श्राइन बोर्ड, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षा बलों ने तीर्थयात्रियों के लिए व्यापक व्यवस्था की है. उपराज्यपाल ने कहा बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए पहले जत्थे में 4,500 से अधिक श्रद्धालु पवित्र गुफा मंदिर के लिए रवाना हुए.

# शिवसेना चिह्न विवाद फिर गरमाया


**उच्चतम न्यायालय 14 को करेगा सुनवाई**

**धनुष-बाण चिह्न पर फिर विवाद**

**नयी दिल्ली, 02 जुलाई. उच्चतम न्यायालय शिवसेना और शिवसेना के बीच धनुष-बाण चुनाव चिह्न आवंटन विवाद से संबंधित मामले में 14 जुलाई को विचार करेगा.**

न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने बुधवार को शिवसेना की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत की इस मामले में तत्काल सुनवाई की गुहार पर सहमति व्यक्त की.अधिवक्ता कामत ने गुहार लगाते हुए कहा कि महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों से संबंधित घोषणा अगले सप्ताह कभी भी की जा सकती है. पीठ के समक्ष उन्होंने कहा, हम कुछ अंतरिम निर्देश चाहते हैं. जैसे एनसीपी मामले में जारी किए गए थे.

> उन्हें चुनाव चिह्न दे दिया गया है.पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने कहा कि दो चुनाव हो चुके हैं. न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष इसी तरह की याचिका का उल्लेख किया गया था, जिसे खारिज कर दिया गया.पीठ ने कहा, भले ही चुनाव अधिसूचित हो जाएं, लेकिन यह आखिरकार उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ है.इस पर कामत ने कहा, नहीं नहीं यह चुनाव चिह्न का विवाद है. मामला दो साल से लंबित है.पीठ ने फिर पूछा, अगर यह लंबित है तो कोई समस्या नहीं है, कोई अधिकार (जो मिलना चाहिए) नहीं जाएगा. इतनी जल्दी क्या है.




## फर्जी पंजीकरण से लूटा सरकारी अनुदान

**सहारनपुर.** सहारनपुर नगर में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत छात्रों का फर्जी पंजीकरण कर प्रशिक्षण देने के नाम पर सरकारी लाखों रूपयों की अनुदान राशि हड़पने का मामला सामने आया है.थानाध्यक्ष कुतुबशेर एचएन सिंह ने बुधवार को बताया कि राज्य सहभागिता सहायक समन्वय अभिमान शिवाच की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है. जिसमें कहा गया है कि नगर के अंबाला रोड़ भावुपुर में स्थित सर्वसमाज सेवा एवं शिक्षण संस्थान फर्जी छात्रों के नाम पर पंजीकरण दिखाकर और उन्हें प्रशिक्षण देने के नाम पर सरकारी अनुदान हड़प रहा है.

# राजनाथ ने भाजपा को चुनाव जीतने का दिया मंत्र

**पटना, 02 जुलाई. केन्द्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं को अगले बिहार विधानसभा चुनाव जीतने का मंत्र देते हुये बुधवार को कहा कि वह जन-जन तक सरकार की उपलब्धियों को पहुंचायें.**

सिंह ने बुधवार को यहां पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि बिहार में सत्ता में आने के बाद वर्ष 2005 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने राज्य के विकास के लिये कई ठोस कदम उठाये हैं. उन्होंने कहा कि सरकार की उपलब्धि को जन-जन



तक पहुंचाना जरूरी है, जिससे लोग बीते 20 वर्षों में हुये परिवर्तन को समझ पायें.

रक्षा मंत्री ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह सिर्फ पंचायत और गांव स्तर तक नहीं बल्कि घर-घर जाकर संवाद स्थापित करें. उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं से मिलने वाले लाभ के बारे में भी लोगों को अवगत करायें और इसके साथ ही यह जानने की कोशिश करें कि योजनाओं में बेहतरी के लिये वे और क्या चाहते हैं. उन्होंने कहा कि संवाद एकतरफा नहीं होना चाहिये और जनता के विचार को भी जानना आवश्यक है.

वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि उनकी पार्टी सिर्फ सरकार बनाने के लिये नहीं समाज बनाने के लिये राजनीति करती है. उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य समाज में परिवर्तन लाना और भारत को एक महान राष्ट्र बनाना है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है.

> सिंह ने कहा कि भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था पहले ही बन चुका है और तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है. पिछले 11 साल में प्रधानमंत्री मोदी ने देश के विकास की गति को मिशन मोड में आगे बढ़ाने का काम किया है. उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के लिये नरेन्द्र मोदी सरकार संकल्पित है. उन्होंने कहा कि बिहार के किसान काफी मेहनती हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई विशेषज्ञों ने राज्य में विशेषकर नालंदा जिले में हो रही जैविक विधि से खेती की प्रशंसा की है.

## एक नजर में



### मुंबई जलाशयों का जल स्तर 43 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई 2 जुलाई.** मुंबई और उसके आसपास पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण देश की आर्थिक राजधानी के जलाशयों में पानी काफी बढ़ गया है .बॉम्बे नगर निगम के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार बुधवार सुबह 6-00 बजे तक मुंबई की झीलों में संयुक्त जल भंडार 629,0320 लाख लीटर तक पहुंच गया, जो शहर की पूर्ण उपयोगी जल भंडारण क्षमता 144 .7 लाख लीटर का लगभग 43 .46 प्रतिशत है. सभी जलाशयों में सबसे ज्यादा पानी भटसा झील 2,58,82200 लीटर के साथ सबसे बड़ा योगदान दिया. इसके बाद मध्य वैतरणा ने 93,4930 लाख लीटर और ऊपरी वैतरणा ने 1,28,6250 लाख लीटर पानी है. चार प्रमुख जलाशयों, ऊपरी वैतरणा, मोदक सागर, तानसा और मध्य वैतरणा का सामूहिक लाइव स्टोरेज अब 355,5320 लाख लीटर तक पहुँच गया है,

### ब्राज़ील में विमान दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**साओ पाउलो 02 जुलाई.** दक्षिण-पूर्वी ब्राज़ील के साओ पाउलो में मंगलवार को एक प्रशिक्षण विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई .अग्निशमन विभाग ने यह जानकारी दी है .विभाग ने बताया कि स्थानीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के बाद यह छोटा विमान साओ जोस डो रियो प्रेटो शहर के एक निर्जन क्षेत्र में गिर गया .ब्राज़ील के ग्लोबो न्यूज़ नेटवर्क ने अग्निशमन विभाग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि इस विमान में सवार दोनों लोग इस दुर्घटना में मारे गए.


### निर्माणाधीन पुल के गड्ढे में गिरने से एक की मौत

**फगवाड़ा, 2 जुलाई.** पंजाब में कपूरथला जिले में मंगलवार देर रात अहमदपुर और अथौला के बीच एक पुल निर्माण स्थल पर मोटरसाइकिल के गहरे गड्ढे में गिर जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक की पहचान सुखविंदर सिंह के रूप में हुई है और घायलों में इबन गांव के निवासी हरदीप सिंह और उसका बेटा जुझार सिंह शामिल हैं.

# इज़रायल ने साठ दिवसीय युद्ध विराम को अंतिम रूप देने के लिए सहमति जताई : ट्रम्प

**गाजा सिटी 02 जुलाई. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को कहा कि इज़रायल ने गाजा में संघर्ष को समाप्त करने के लिए 60-दिवसीय युद्ध विराम को अंतिम रूप देने के लिए आवश्यक शर्तों पर सहमति जताई है और हमास से भी इस समझौते को स्वीकार करने का आग्रह किया है.**

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, इज़रायल ने 60 दिवसीय युद्ध विराम को अंतिम रूप देने के लिए आवश्यक शर्तों पर सहमति जताई है, जिसके दौरान हम युद्ध को समाप्त करने के लिए सभी पक्षों के साथ काम करेंगे.उन्होंने कहा, कतर और मिस्र के लोग, जिन्होंने शांति लाने में बहुत मेहनत की है, इस अंतिम प्रस्ताव को पेश करेंगे.उन्होंने हमास से भी इस समझौते को स्वीकार करने का आग्रह किया. श्री ट्रम्प ने कहा, मुझे उम्मीद है कि पश्चिम एशिया की भलाई के लिए हमास इस समझौते को स्वीकार करेगा, क्योंकि यह बेहतर नहीं होगा - यह केवल बदतर होता जाएगा.



**ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा**

**हम युद्ध को समाप्त करने के लिए सभी पक्षों के साथ काम करेंगे**

## आज का इतिहास

- 1908 : बाल गंगाधर तिलक को ब्रिटिश सरकार ने राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया.
- 1972 : भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद शिमला समझौता पर हस्ताक्षर हुए.
- 1979 : भारतीय निशानेबाज आरती सिंह राव का जन्म.
- 1979 : कोलकाता में विद्यासागर सेतु का निर्माण शुरू हुआ था.
- 1996 : हिन्दी फ़िल्म अभिनेता राज कुमार का निधन.
- 1999 : कुवैत में 50 सदस्यीय संसदीय चुनाव सम्पन्न.

# शहरी निकाय सम्मेलन का मानेसर में आगाज़ : बिरला

- लोकसभा अध्यक्ष ने किया राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन
- लोकतंत्र सुदृढ़ करने पर हुआ मंथन



**गुरुग्राम, 02 जुलाई . लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला गुरुवार को मानेसर, गुरुग्राम में इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे.**

दो दिवसीय इस सम्मेलन का उद्देश्य देश में तेजी से हो रहे शहरीकरण में शहरी स्थानीय निकायों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करने के साथ ही लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ करना, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना और वर्तमान समय में शहरी शासन के नए तौर-तरीकों को उजागर करना भी है.केंद्र सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह, हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण और अन्य गणमान्य व्यक्ति उद्घाटन सत्र में उपस्थित रहेंगे.सम्मेलन का विषय 'संवैधानिक लोकतंत्र को सुदृढ़ करने और राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका' है. इस दो दिवसीय सम्मेलन में पूरे देश से पांच महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे. 4 जुलाई को कार्यवाही की शुरुआत में पांचों समूह अपने-अपने उप-विषयों पर प्रस्तुति देंगे. समापन सत्र में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय उपस्थित विशिष्टजनों को संबोधित करेंगे.

### नगरपालिका शासन को अधिक प्रभावी बनाना लक्ष्य

इस अवसर पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे. लोकतंत्र के आधारभूत स्तंभों के रूप में शहरी स्थानीय निकाय : आम परिषद की बैठकों के संचालन के लिए मॉडल पद्धति और प्रक्रिया संहिता तैयार करना. समावेशी विकास और प्रगति के साधन के रूप में शहरी स्थानीय निकाय : संवैधानिक जनादेश को पूरा करने के लिए नगरपालिका शासन को अधिक प्रभावी बनाना.

# केदारनाथ धाम में विकास पर उच्चस्तरीय बैठक

**उत्तराखण्ड, 02 जुलाई. केदारनाथ धाम में लंबित महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा एवं त्वरित निष्पादन हेतु सचिव पर्यटन/मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद,धीराज सिंह गर्ब्याल की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई.**

बैठक में सचिव संस्कृति (उत्तराखण्ड), जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग, निदेशक एवं अधिशासी अभियंता - नेशनल साइंस सेंटर , संयुक्त निदेशक पर्यटन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.बैठक में केदारनाथ स्थित चिंतन स्थल की भूमि सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया गया. साथ ही चिंतन स्थलों को मौजूदा पैदल मार्गों से जोड़ने हेतु संपर्क पथों का विकास किये जाने का निर्णय लिया गया, जिससे तीर्थयात्रियों एवं आगंतुकों की सुगम एवं सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित हो सके. इसके अतिरिक्त, सचिव पर्यटन ने चिंतन स्थल के समीप पुरानी उच्च वोल्टेज केबल को एक सप्ताह के भीतर हटाने तथा चिंतन स्थल के सुदृढ़ीकरण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए.




> सचिव पर्यटन ने कहा कि भविष्य में इस प्रकार की नियमित उच्च स्तरीय बैठकें आयोजित की जाएंगी, ताकि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय, पर्यटन विभाग, संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन के मध्य समन्वय को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके. उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक स्तर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी.

**गोरखपुर प्रवास** | **योगी ने 200 लोगों से की मुलाकात, अफसरों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश**

# जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता : योगी

- इलाज के लिए दी आर्थिक मदद का आश्वासन
- जमीन कब्जे वालों पर होगी सख्ती

**गोरखपुर, 2 जुलाई.मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है. योगी ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की.**



ध्यान से सबकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निराकरण शीघ्रता और पारदर्शिता शीघ्रता से किया जाए. इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक होना चाहिए.गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में आयोजित जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं. उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की. उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि हर व्यक्ति को न्याय दिलाया जाएगा.

> उन्होने अफसरों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए. हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी सहायता की जानी चाहिए. उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं. उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए. मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे. योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी.

# विदेशी निर्भरता से झुक रही है किसान की रीढ़

**नयी दिल्ली, 02 जुलाई.कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि किसान के लिए खाद जैसी जरूरी वस्तु विदेश पर निर्भता बढ़ रही है और इसे कम करने के प्रयास नहीं हो रहे हैं,इसलिए किसान की रीढ़ लगातार झुक रही है.**

गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स'पर कहा, भारत कृषि प्रधान देश है और किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं. लेकिन आज यही रीढ़ विदेशी निर्भरता के कारण झुकती जा रही है. भारत 80 प्रतिशत स्पेशियलिटी फर्टिलाइज़र चीन से मंगाता है और अब चीन ने सप्लाई रोक दी है. यह पहली बार नहीं है -यूरिया और



डीएपी जैसे ज़रूरी खादों की कमी से देश भर का किसान अब तक जूझ ही रहा है कि अब स्पेशियलिटी खाद का चीनी संकट मंडराने लगा.

उन्होंने कहा कि कमाल इस बात का है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खाद की बोरियों पर अपनी तस्वीरें छपवा रहे हैं और इधर किसान 'मेड इन चाइना' पर आश्रित होते जा रहे हैं.

> कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता के तौर पर अपने एक साल के कार्यकाल को यादगार बताते हुए कहा है कि इस दौरान उन्होंने संसद में जनता के मुद्दे शिद्दत के साथ उठाए और लोगों को निडर होकर हक की बात करने के लिए उत्साहित करने के साथ ही संविधान की रक्षा के लिए अपनी लड़ाई को मजबूती से लड़ा है. गांधी ने सोशल मीडिया पर बुधवार को एक पोस्ट में कहा लोकसभा में नेता विपक्ष के रूप में एक वर्ष पूरा करने पर, मैं पूरे साल की यादों, अनुभवों और संविधान की रक्षा के लिए अपनी लड़ाई को आपके साथ साझा कर रहा हूं.